पिलैटस पीसी-7 एमके II

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस](#)

पिलैटस पीसी-7 एमके II (Pilatus PC-7 Mk II) ट्रेनर एयरक्राफ्ट के तेलंगाना के डंडीगल में वायु सेना अकादमी से एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के कारण **भारतीय वायु सेना (IAF)** के दो पायलटों की मौत हो गई जो लगभग एक दशक में विमान से जुड़ी पहली दुर्घटना है।

पिलैटस पीसी-7 एमके II ट्रेनर एयरक्राफ्ट क्या है?

- **ट्रेनर एयरक्राफ्ट:**
  - ट्रेनर एयरक्राफ्ट **पायलटों और वायुसैनिकों को प्रशिक्षण देने के लिये बनाए गए विशेष विमान** हैं। चूँकि आधुनिक सैन्य विमान नए पायलटों के लिये जटिल और चुनौतीपूर्ण होते हैं, इसलिये ट्रेनर एयरक्राफ्ट एक मूलभूत कदम के रूप में कार्य करते हैं।
  - ये विमान सरल, अपेक्षाकृत धीमे और अधिक किफायती हैं, जो नव प्रशिक्षुओं को बुनियादी कौशल सीखने में मदद करते हैं। ये **लागत प्रभावी** भी हैं, जिससे **वायु सेना को कैडेट प्रशिक्षण के लिये बड़ी मात्रा में इन्हें खरीदने में सहायता** मिलती है।
- **भारतीय वायुसेना के ट्रेनर एयरक्राफ्ट के प्रकार:**
  - भारतीय वायुसेना वर्तमान में **75 पिलैटस पीसी-7 एमके II एयरक्राफ्ट** संचालित करती है, जिनका उपयोग कैडेट के उड़ान प्रशिक्षण के पहले चरण में बुनियादी प्रशिक्षण के लिये किया जाता है।
  - बुनियादी प्रशिक्षण के बाद कैडेट **HAL किरण**, एक मध्यवर्ती जेट-संचालित ट्रेनर तथा फिर **BAE हॉक**, एक ब्रिटिश उन्नत ट्रेनर के लिये आगे बढ़ते हैं।
- **पिलैटस एयरक्राफ्ट की विशेषताएँ:**
  - **PC-7** एक टर्बो-प्रोप विमान है जिसमें टेंडेम सीटिंग मौजूद है, जिसे 1970 के दशक के मूल मॉडल के उन्नत संस्करण के रूप में 1990 के दशक में पेश किया गया था।
  - **प्रैट एंड व्हिटनी इंजन** द्वारा संचालित इसकी अधिकतम गति **412 किमी./घंटा** है, यह **10,000** मीटर से अधिक की ऊँचाई तक उड़ान भरने में सक्षम है तथा बाहरी टैंकों के बिना इसकी सीमा 1,200 किमी. है, जो 4 घंटे से थोड़ा अधिक उड़ान समय प्रदान करता है।
- **भारतीय वायुसेना को पीसी-7 एमके-II की आवश्यकता:**

- IAF ने अपने पायलटों के लिये बुनियादी उड़ान प्रशिक्षण हेतु तत्काल आवश्यक प्रशिक्षक विमानों की कमी को पूरा करने के लिये वर्ष 2012 में हस्ताक्षरित एक अनुबंध के तहत **पिलैटस एयरक्राफ्ट लिमिटेड (स्टैन्स, स्विट्ज़रलैंड में स्थित एक एयरोस्पेस निर्माता)** से 75 विमान खरीदे।
- यह कमी तब महसूस हुई जब वर्ष 2010 में स्वदेशी रूप से विकसित **एचपीटी-32 विमान की सेवाएँ घातक दुर्घटनाओं** के बाद रोक दी गईं, जिसमें कई भारतीय वायुसेना के पायलटों की मौत हो गई थी।

- **पीसी-7 एमके II का प्रतिस्थापन:**
  - रक्षा मंत्रालय ने **पीसी-7 की जगह 70 एचटीटी-40** खरीदने के लिये **हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL)** के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किये।
  - स्वदेशी रूप से निर्मित **HTT-40 एक बुनियादी प्रशिक्षण विमान है** जो चार-ब्लेड वाले टर्बो-प्रोप इंजन (PC-7 तीन-ब्लेड वाला है) द्वारा संचालित है।
    - विमान में **वातानुकूलित कॉकपिट, आधुनिक एवियोनिक्स, हॉट रिफ्यूलिंग और ज़ीरो-ज़ीरो इजेक्शन सीटें** होंगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pilatus-pc-7-mk-ii